कान्हा रे कान्हा तुझे किस ने है जाना

कान्हा रे कान्हा तुझे किस ने है जाना,
इक मीरा ने जाना तुझे राधा ने जाना,
कान्हा रे कान्हा तुझे किस ने है जाना,

तूने गैयाँ चराई तूने माखन चुराया,
तूने जिसका भी खाया उस का भेभव बडाया,
ये सुदामा ने देखा जमाने ने जाना,
कान्हा रे कान्हा तुझे किस ने है जाना,

तूने रास रचाई महारास रचाए,
तूने भक्ति के ऐसे कुछ रंग चडाये,
सब को पागल किया तूने अपना दीवाना,
कान्हा रे कान्हा तुझे किस ने है जाना,

तेरा बचपन निराला तेरा जोबन निराला,
कभी नटखट रहा तू कभी बांका निराला,
तेरी मथुरा दीवानी तेरा गोकुल दीवाना,
कान्हा रे कान्हा तुझे किस ने है जाना,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/14586/title/kanha-re-kanha-tujhe-kis-ne-hai-jana

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |